## खबर संक्षेप

### 29 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने दीपावली पर्व के पूर्व महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्षेत्र में लगभग 29 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों की सौगात देते हुए कार्यों का विधिवत भूमिपूजन स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी में किया। सूरी गली में गुरुद्वारा के सामने आयोजित भूमिपूजन के दौरान वार्ड की वयोवृद्ध मातृ शक्तियों श्रीमती गुरमीत कौर, लता पटेल लक्ष्मी बहन, शारदा बहन द्वारा विधिवत पूजा अर्चन उपरांत विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई।

### कटाएघाट मेला स्थल का किया निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा कार्तिक पूर्णिमा से कटाएघाट में आयोजित होने ऐतिहासिक मेला परिसर की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेज, बैठक व्यवस्था हेतु पंडाल, मेला के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के स्थलों सहित दुकानों के स्थलों का निरीक्षण कर स्टेज के पास रखी निर्माण सामग्री को अलग कर मेला आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता को संस्थागत रूप देने 'स्पेशल कैम्पेन 5.0'

**कटनी।** स्वच्छता को संस्थागत रूप देने एवं शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु भारत सरकार के समस्त विभागों में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे 'स्पेशल कैम्पेन 5.0' की तर्ज पर, प्रदेश शासन के सभी शासकीय कार्यालयों में भी यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सी एम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण, कार्यालय परिसरों की सफाई व अनावश्यक वस्तुओं का निस्तारण, पुराने रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, विनिष्टीकरण, लंबित विधानसभा प्रश्न, आश्वासन, शून्यकाल, लोक लेखा समिति प्रकरणों का निराकरण, कार्यालयों में बेतरतीब रखे गए फर्नीचर, रैंक और अलमारियों को व्यवस्थीकरण, कचरा संग्रहण हेतु नियत डस्टबिन और कचरा पृथक्करण की व्यवस्था की जायेगी।

### सोने चांदी से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा, किराना दुकानों मे रही भीड़, मुख्य बाजार में दिन भर रहे जाम के हालात

# धनतेरस पर जमकर हुई धन वर्षा, चमका बाजार







हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दीपोत्सव पर्व की शुरूआत के पहले दिन धनतेरस पर बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई। धनतेरस को लेकर सजी दुकानों में जमकर खरीदारी हुई। शहर मुख्यालय से लेकर जिले की तहसील क्षेत्रों के बाजारों में भी धनतेरस बाजार में खरीदारों की भीड़ लगी। पर्व पर सुबह से लेकर देर रात तक बाजार खरीदारों से गुलजार रहा। जिले में धनतेरस पर करोड़ों का व्यवसाय हुआ। इसमें ज्यादातर खरीदारी बड़े-छोटे वाहन, सोने व चांदी, इलेक्ट्रॉनिक, किराना, कपड़ा, सजावटी सामग्री, आटोमोबाइल्स व बर्तन की हुई।

पर्व को लेकर बाजार भी जल्दी खुल गया। लोग धनतेरस की खरीदारी करने पहुंचे। जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार की रौनक बढ़ती गई। शाम में शहर में मेले का माहौल कायम हो गया। सुभाष चौक, सराफा बाजार, झंडा बाजार, गोलबाजार से लेकर मुख्य मार्ग में सजी दुकानों में लोगों का तांता लगा रहा। यह स्थिति देर रात तक रही। धनतेरस बाजार में पहुंचे लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी करते देखे गए।

धनतेरस बाजार में सोने-चांदी के सिक्के के साथ-साथ वाहनों तक की खरीदारी करते देखे गए। बाजार में उमड़ी भीड़ का एक बड़ा समूह बर्तन दुकानों पर जमा रहा। लोग अपने घरेलू प्रयोग में आने वाले बर्तनों की खरीदारी जमकर की। डिनर सेट, चम्मच सेट के अलावा थाली, ग्लास, कटोरा, प्लेट आदि के सेट खरीदते देखे गए।धनतेरस पर खरीदारी करने पहुंचे लोग बाजार से झाडू खरीदना नहीं भूल रहे थे। लोगों ने धनतेरस पर झाडू खरीदने की परंपरा का भी निर्वहन किया।

#### दुकानों में लगी रही भीड़

धनतेरस पर शहर के ज्वेलरी व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की भी जमकर खरीदारी हुई। ज्वेलरी दुकानों में महिलाओं का तांता लगा रहा। सोने-चांदी के सिक्के के साथ-साथ आभूषणों की खरीदारी महिलाओं द्वारा की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर एलसीडी, एलईडी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, गीजर आदि सामान की बंफर बिक्री हुई। बर्तन बाजार में सबसे अधिक रौनक रही, क्योंकि धनतेरस पर लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार कुछ न कुछ बर्तन जरूर खरीदते हैं। स्टील के साथ पीतल और तांबे के बर्तनों की भी खूब खरीदारी हुई।

इसी तरह आटोमोबाइल बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ी। वहीं रेडीमेड कपड़े समेत विभिन्न धातुओं और मिट्टी की मूर्तियों की दुकानों में ग्राहकों को अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा। धनतेरस में अच्छा व्यवसाय होने से व्यापारियों के चेहरे पर खुशी दिखी। शहर के प्रमुख बाजार सुभाष चौक में सुबह से ही खरीदारों का तांता लगा रहा। भीड़ की वजह से सड़क में जाम के हालात बने रहे। दोपहिया वाहन से लेकर पैदल चलने वालों तक को धीरे धीरे आगे बढ़ना पड़ा।

### प्राकृतिक खेती को अपनाने अमले को प्रचार के दिये निर्देश

# पराली जलाने से रोकने एवं नैनो उर्वरकों के कुशल उपयोग के लिए विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान में चल रहे खरीफ फसल की कटाई एवं रबी फसल की बोनी कार्य के मद्देनजर कृषकों में नवीन तकनीक के प्रचार-प्रसार करने, पराली को बिना जलाये रबी की बोनी, नैनो डीएपी से बीज उपचार एवं नैनों उर्वरकों का डीएपी यूरिया के विकल्प के रूप में बढ़ावा देने हेतू कृषि विभाग एवं भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में समस्त क्षेत्रीय अमले के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि



रामनाथ पटेल द्वारा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु नवीन तकीनीकों के प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कृषकों को नवीन किस्मों के बारें में जानकारी देने, बीज उपचार का महत्व बताने एवं सभी अधिक से अधिक कृषकों को बीज उपचार करने लिये प्रेरित करने, सिंचाई हेतु स्प्रीक्लर का प्रयोग करने, नैनों उर्वरकों का कृषि में अधिक से अधिक उपयोग करने एवं पोटेशियम युक्त उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने, प्राकृतिक खेती को अपनाने आदि के लिये अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने हेतु क्षेत्रीय अमले को निर्देश दिये गये।

कृषि क्षेत्र में नवाचार और दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कृषि अधिकारियों के लिए ₹नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग और लाभ विषय में इफको के उपमहाप्रबंधक राजेश मिश्रा ने इनके उपयोग के तरीके एवं महत्व के बारें में बताया। उन्होंने पराली प्रबंधन हेतु बायो डिकम्पोजर के उपयोग करने का तरीका बताया गया। साथ ही इफको द्वारा नये लॉन्च हुये नैनो जिंक एवं नैनों कॉपर के बारें में भी जानकारी दी गई। नैनो उर्वरक, जैसे इफको नैनो यूरिया और नैनो डीएपी, पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में कम मात्रा में उपयोग होकर भी फसल उत्पादकता को बढ़ाते हैं।

### साधूराम स्कूल परिसर में 23 लाख से होंगे विकास कार्य



नगर निगम द्वारा शहर के स्थापित शिक्षा की ऐतिहासिक धरोहर को संवारने साधूराम स्कूल में 23 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को कराकर छात्रों को बेहतर पठन-पाठन की सुविधा प्रदान करने हेतु नगर निगम द्वारा किए गए नवाचार के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगम जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विकास कार्यो का भूमिपूजन कर कार्यो की आधारशिला रखी गई। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के शासकीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। साधूराम स्कूल प्रांगण की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा लगभग 23 लाख 23 हजार की लागत से बाहरी प्रांगण के कक्षों के उपर शेड निर्माण, कक्षों की रंगाई-पुताई व शाला मरम्मत हेतु अन्य विकास कार्य के तहत स्कूल के पीछे कार्यालय में गेट एवं सी.सी पहुंच मार्ग आदि के कार्य कराए जाएंगे।



### बेटियां दो परिवारो को बनाती है सुसंस्कृत व समृद्ध

**स्लीमनाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक में बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक पुष्पा आरख डॉ ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने वाला समाज ही आगे बढ़ता है बेटियां अपने जीवन में दो परिवारों को सुसंस्कृत, शिक्षित और समृद्ध बनाती है। धर्म ग्रन्थों में भी उल्लेख है कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान सामाजिक दिशा देने वाला कार्यक्रम है। विकास और कल्याण के कार्यों में महिलाओं की जब तक बराबर की भागीदारी नहीं होगी, तब तक विकास की सम्पूर्णता हासिल नहीं की जा सकती। महिला जननी भी होती है, जो मनुष्य को जन्म देकर सृष्टि का निर्माण करती है। बेटियां दो कुलों और दो परिवारों को संस्कार देकर समृद्ध बनाती है। बेटियां घर और परिवार की शान और शोभा है। इसके साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का उद्देश्य है कि बालिकाओं को भी बालकों के समान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं विकास के समान अवसर उपलब्ध हों, समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो एवं बालिकाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता लायी जा सके।

### जबलपुर से आकर की थी चोरी, वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

# सराफा दुकान में हुई चोरी के मामले में तीन नाबालिग गिरफ्तार, 1 लाख की चांदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सराफा बाजार स्थित राधे ज्वेलर्स में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात में शामिल तीनों आरोपियों को जबलपुर से पकड़ा गया है, जो सभी विधि उल्लंघनकारी बालक हैं। इनमें दो सगे भाई शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 1 लाख मूल्य का चांदी का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 10-11 अक्टूबर की दरमियानी रात दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चांदी के जेवर अंगूठी, पायल, मंगलसूत्र, चरण पादुका और चूड़ियां आदि करीब 95 हजार का सामान चोरी किया था। उक्त तीनों आरोपित करीब एक माह से कटनी आकर सराफा बाजार में घूमकर योजना बना रहे थे। चोरी की घटना की



रिपोर्ट दुकान संचालक राधेश्याम स्वर्णकार ने 11 अक्टूबर को थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सायबर तकनीक और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच करते हुए तीन संदिग्धों की पहचान की, जो वारदात के बाद जबलपुर भाग गए थे। पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों को पकड़ा, जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गए बालक निवासी टेड़ी नीम ठक्कर ग्राम, थाना हनुमानताल, जिला जबलपुर हैं। इनके कब्जे से पायल, राजस्थानी मंगलसूत्र, चरण पादुका, बेल पत्री, अंगूठियां आदि लगभग ₹1 लाख मूल्य का सामान बरामद किया गया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई।टीम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, उप निरीक्षक महेन्द्र जासयवाल, प्रधान आरक्षक अजय दुबे, आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, अनुराग सोनकर, दीपक तिवारी, अजय प्रताप, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन तथा सायबर सेल के आरक्षक सतेन्द्र राजपूत और अजय शंकर साकेत शामिल रहे।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, उनि. महेन्द्र जासयवाल, प्र.आर. अजय दुबे, वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, अनुराग सोनकर, आर. दीपक तिवारी, अजय प्रताप, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन तथा सायबर सेल से आर. सतेन्द्र राजपूत, अजय शंकर साकेत की भूमिका रही।

# ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, बहन की मौत, भाई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जुहला बायपास ओवरब्रिज पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार ग्राम परसवारा बहरी निवासी माया देवी पटेल 22 वर्ष कटनी में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी।

दीपावली पर घर जाने के लिए वह अपने भाई रानू के साथ मोटर साइकिल से निकली थी। जैसे ही दोनों जुहला बायपास ओवरब्रिज से गुजर रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रक उन्हें कुचलता हुआ निकल गया।



घटना में माया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रानू को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने रानू की हालत को गंभीर बताते हुए भर्ती कर लिया है।पुलिस ने माया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### निगमायुक्त सुश्री निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# ग्रीनरी एवं पिचिंग की खराब गुणवत्ता पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की सुंदरता एवं नागरिकों के मनोरंजन की सुविधा में वृद्धि हेतु नगर निगम द्वारा अमृत योजना के तहत 6 करोड़ रुपए की लागत से रिवर फ्रंट योजना के तहत कटाए घाट स्थित नदी किनारे कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों पिचिंग, वॉल निर्माण, पाथवे, ग्रीनरी, लाइटिंग, ड्रेन एवं पेवर ब्लाक फ्लोरिंग आदि विभिन्न कार्यो का शुक्रवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने औचक निरीक्षण कर लंबित कार्यो को मानक गुणवत्ता के साथ दिसंबर तक पूर्ण करनें के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें सर्वप्रथम प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं ड्राइंग डिजाइन से स्थल पर निर्माणाधीन नाली, रैंप एवं पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए पेवर ब्लाक के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करानें के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर में चल रहे कार्य का जायजा लेते हुए सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए स्वामित्व आदि की जानकारी ली जाकर बाउन्ड्रीवाल एवं सीढ़ी निर्माण के कार्य पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा दीपदान महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए कटाएघाट की सीढ़ियों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाकर कव्हरिंग आदि के कार्य को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंनें घाट की दूसरी ओर कराये जाने वाले विकास कार्यो के संबंध में भी अधिकारियों से विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

कटाएघाट नदी किनारे 500 मीटर लंबे कराये जा रहे पाथवे एवं पिचिंग के कार्य का निगमायुक्त द्वारा पैदल चलकर जायजा लिया तथा पाथवे निर्माण के दौरान आ रही समस्याओं से अवगत होते हुए समस्याओं का निराकरण कराकर शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त द्वारा स्थल पर कराये जा रहे पिंचिंग कार्य का सूक्ष्मता से निरीक्षण किये जाने पर पिचिंग में संलग्न पत्थर मानक अनुरूप निर्धारित साईज के नहीं होनें, पत्थरों के बीच गेप होने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही नहीं होने पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की हिदायत दी गई।

निगमायुक्त द्वारा नदी किनारे विकसित किये जा रहे ग्रीन एरिया के निरीक्षण के दौरान स्थल समतल नहीं पाए जाने तथा ग्रीन ग्रास व्यवस्थित रूप से नहीं लगाये जाने पर निर्माण कार्य के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान ग्रीन एरिया के पेड़ों के चारों ओर निर्मित सीमेंटेड पट्टी की अपेक्षा सुंदर फूल की क्यारी बनाकर नेचुरल लुक प्रदान करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# मटवारा कांड में पीड़ित को जान का खतरा, मिली सुरक्षा व्यवस्था

### कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष पहुंचें पीड़ित के घर पहुंचे, भीम आर्मी आज करेगी स्लीमनाबाद थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मटवारा में मानवीयता को शर्मसार करने देने वाली घटना में राजनैतिक सियासत गरमराने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। दलित युवक के साथ हुये पेशाब कांड पर पुलिस ने मटवारा सरपंच सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट सहित एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण तो पंजीबद्द कर लिया है लेकिन मामला दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार हो गए है ओर उनके मोबाइल भी बंद जा रहे है लिहाजा अभी तक



पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं सकी है। मामले पर राजनैतिक सियासत गरमराने के बाद एएसपी संतोष डेहरिया ने आरोपियों को पकड़ने तीन -चार टीमें पुलिस की गठित कर दी है। साथ ही साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है जिससे जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सके। कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह शनिवार को मटवारा गाँव पहुंचकर पीड़ित राजकुमार चौधरी से भेंट की। उसे ढाढस बँधाया कि हर समय हम आपके साथ खडे है कोई दिक्क़त पड़े तो तुरंत हमें सूचित करें। जब सौरभ सिंह पीड़ित से मिलने मटवारा पहुंचें तो जानकारी लगते ही एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी भी पहुंची। पीड़ित ने कहा कि मेरी जान को खतरा है, क्योंकि मुझे धमकी दी जा रही है इसलिए मुझे सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाये जिस पर सौरभ सिंह ने एसडीओपी से चर्चा कर सुरक्षा मुहैया व्यवस्था कराने को कहा जिस पर एसडीओपी ने दो पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात कर दिया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर के द्वारा यह अल्टीमेटम दिया गया था कि यदि 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी न हो तो फिर भीम आर्मी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

पुलिस के द्वारा अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सके!जिस कारण भीम आर्मी संगठन रविवार को स्लीमनाबाद थाने का घेराव करेगी । एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पुल के नीचे गिरा युवक

**उमरियापान।** ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से एक युवक नदी के पुल से नीचे जा गिरा। गंभीर चोट लगने से उसकी जान चली गई। घटना सिलौंड़ी पुलिस चौकी के डाला धनवाही के बीच दतला नदी के पुल की है। घटना के बाद से चालक फरार हैं। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई हैं। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया कि डाला निवासी सुरेंद्र उर्फ सोनू पिता प्रेमलाल बर्मन 30 शुक्रवार शाम को खेत से वापस लौट रहा था। करीब 8 बजे डाला-धनवाही के बीच दतला नदी के पुल के ऊपर खड़ा था। सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। युवक पुल के नीचे गिर गया। युवक को गंभीर चोटें आई। सूचना पर ग्रामीणों ने उमरियापान अस्तपाल में भर्ती कराया, जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शनिवार को युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### जलाशय की नहर हुई हुई क्षतिग्रस्त, किसान परेशान

**उमरियापान।** ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनरेखा कही जाने वाली चंदौल जलाशय की नहर पिछले दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी है। जिससे सैकड़ों किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नहर के टूटे होने के कारण जल प्रवाह बीच से ही बह जाता है। किसान बारिश के भरोसे फसल बोने को मजबूर हैं। किसानों ने बताया चन्दोल से उमरियापान कुदवारी जाने वाली नहर जलाशय से मुराही के बीच दो अलग अलग जगहों से नहर क्षतिग्रस्त हो गई है। लंबे से नहर खराब होने से किसानों को परेशानी बढ़ती जा रही है। धान की फसल के बाद किसान दलहनी तिलहन की फसलों की बुवाई करेगा। किसानों की पानी की जरूरत पड़ेगी, लेकिन नहर क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचेगा। ऐसे में किसान अभी से चिंता में है। किसानों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को नहर की मरम्मत हेतु अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति यह है कि खरीफ और रबी दोनों सीजन में खेत सूखे रहते हैं, जिससे उत्पादन पर गहरा असर पड़ा है।
किसानों ने बताया कि यदि जल्द ही नहर की मरम्मत नहीं की गई तो आगामी फसल चक्र पर भी संकट खड़ा होगा।

### पटाखा बाजार की व्यवस्थाओं का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा कटाएघाट रिवर फंट के निर्माणाधीन कार्यो के निरीक्षण उपरांत द्वारका सिटी के पीछे लगाये जानें वाले पटाखा बाजार में निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक नें बताया कि इस वर्ष द्वारका सिटी में 59 दुकानें, माधवनगर में 31 तथा एनकेजे में 23 दुकानें कुल 113 दुकानें लगाई जानी है। प्रति दुकान 560 रुपये प्रतिदिन के मान से किराया लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय व्यवसायियों द्वारा नगर निगम की व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर करते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### नवीन केंद्रीय विद्यालय में प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**कटनी।** नवीन केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में विद्यालय प्रबंधन समिति के मनोनीत अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी एसडीएम कटनी की अध्यक्षता में प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा बच्चों के मनमोहक स्वागत गान की प्रस्तुति के साथ हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष प्रथम तीन माह का विद्यालय संचालन में समस्त सहयोग एवं योगदान का समस्त विवरण शिक्षक अमित कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में आए सभी सदस्यों द्वारा विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। प्रबंधन समिति की इस बैठक का मंच संचालन विद्यालय की प्राथमिक शिक्षा मनिका बिश्नोई द्वारा किया गया।

## माधवनगर पुलिस ने किया खुलासा, पांच आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

# पैसों को लेकर हुए विवाद में की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



एक युवक की हत्या के मामले में माधवनगर पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हत्या की मुख्य वजह पैसों के लेन देन को लेकर थी। पुलिस के अनुसार स्टेशन मास्टर निवार के द्वारा थाना जी.आर.पी कटनी को अज्ञात मृतक के शव जो कि अप ट्रेक कटनी जबलपुर ट्रेक पर मृत अवस्था में पाये जाने पर घटना की सूचना दी गई जो अज्ञात मृतक की पहचाना छोटू और सुर्नल प्यासी पिता स्व. बाबूलाल प्यासी 35 साल नि. घुघरा चौकी निवार थाना माधवनगर के रूप में पहचान स्थापित की गई। जी.आर.पी कटनी के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मर्ग पंचनामा कार्यवाही की गई। मर्ग जांच पर ने थाना जीआरपी कटनी के द्वारा घटना स्थल चौकी निवार थाना माधवनगर का पाये जाने से जीरो पर अपराध क्रमांक 0/25 धारा 103(1),238, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया एवं घटनास्थल ग्राम घुघरा का होने जान से प्रकरण की डायरी पुलिस अधीक्षक के माध्यम से थाना माधव नगर प्राप्त होने पर थाना माधव नागार में अल नंबरी अपराध क्रमांक 624/25 धारा 103(1),238, 3(5) बीएनएस का पंजीबद किया जाकर विवेचना लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया नेतृ व एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया जिसमें निरीक्षक संजय दुबे, सउनि अंजनी मिश्रा, सउनि कमलेश्वर शुक्ला. प्र.आर मनीष आसैया, आर. अरविंद कुशवाहा के द्वारा प्रकरण में संदेही लखन यादव नि. घुघरा के मध्य किराना के सामान लेने के बाद पैसे न देने की बात पर से विवाद हुआ था तथा मृतक के द्वारा लखन यादव के साथ वाद विवाद किया गया था जिस पर से लखन यादव के द्वारा उसके अन्य साथियों के साथ चौकी निवार जाकर इस विवाद के संबंध में जानकारी देकर रिपोर्ट लेख कराई थी।

उक्त दिनांक का ही जब लखन यादव, हृदय यादव, चन्नू उर्फ शिवचरण यादव, आशीष मिश्रा जब वापस आ रहे थे तब रास्ते पर निक्की उर्फ निखिल कुशवाहा मिला जिससे साथ में घुघरा चलने बोले तो पांचों लोग मोटर सायकल से घुघरा के ये निकले घुघरा रोड पुलिया के आगे मृतक छोटू उर्फ सुनील प्यासी गॅड लिए रोड पर खड़ा था और प्रतक लखन। त्रम उसके अन्य साथियों को रिपोर्ट करने के बाद गांव में देख लेने की धमकी दे रहा था तो डर के मारे हम सभी पांचो वापस बंद बर्न फैक्ट्री पहुंचकर बर्न फैक्ट्री से पांचों लोग लाठी लेकर गए, छोटू उर्फ सुनील प्यासी वहीं पर खड़ा दिखा तो पांचो आरोपीगण द्वारा छोटू प्यासी को खदेड़ने लगे।

मृतक छोटू प्यासी का पीछा कर सुरेंद्र दग्मान नि. घुघरा खेत के में मृतक को घेरकर पांचो आरोपीगण द्वारा मृतक के सिर, हाथ, पीठ पर डंडों से मारपीट हत्या कर दी वहीं पास में बाडी में लगी हुई साड़ी से छोटू और सुनील प्यासी के हाथ पैर बांधकर आरोपीगण द्वारा उठाकर कटनी से जबलपुर रेलवे अप लाइन के बीच में फेंककर चले गए।

आरोपीगण लखन यादव, हृदय यादव, चन्नू उर्फ शिवचरण यादव, आशीष मिश्रा निवासी घुघरा एवं निक्की उर्फ निखिल कुशवाहा निवासी निवार के द्वारा उक्त घटना के संबंध में पुलिस के समक्ष अपराध कारित करना स्वीकार किया गया है जिस पर से सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक संजय दुबे, सउनि अंजनी मिश्रा, सउनि कमलेश्वर शुक्ला. प्र.आर मनीष आर अरविंद कुशवाहा एवं सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

लखन यादव पिता हरछठ यादव 38 वर्ष निवासी घुघरा, हृदय यादव पिता हरथ यादव 34 वर्ष निवासी घुघरा, चन्नू उर्फ शिवचरण वदव पिता विशाली लाल यादव 40 वर्ष निवासी घुघरा आशीष मिश्रा पिता गहिणी प्रसाद मिश्रा 38 वर्ष निवासी घुघरा, निक्की और निखिल कुशवाह पिता राम प्रसाद कुशवाहा 28 वर्ष निवासी निवार पहाड़ी को गिरफ्तार किया गया है।



## प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वार्षिक पुनरीक्षण कार्य का लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही हेतु कटनी जिले के लिए शैलेन्द्र खरे को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री खरे द्वारा नगर निगम कटनी एवं जिला पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक शैलेन्द्र खरे द्वारा मतदान केंद्रों में किए रहे मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 का जायजा लिया जाकर दावे आपत्तियों का यथोचित निराकरण कराते हुए त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने हेतु ब्लॉक लेबल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रेक्षक श्री खरे द्वारा वार्ड क्रमांक 3 सेक्रेड हार्ट स्कूल 17 से 19, नदी पार शाला 13 से 15,शासकीय प्राथमिक शाला, पचमठा मतदान केंद्र क्रमांक 2 ,शासकीय माध्यमिक शाला विजयराघवगढ़ मतदान केंद्र क्रमांक 10,11,एवं 12,शासकीय प्राथमिक शाला नदी पार मतदान केंद्र क्रमांक 14, 15,आगन बाड़ी केंद्र मतदान क्रमांक 16, प्राथमिक शाला कैमोर, एसीसी उच्चतर माध्यमिक शाला,शासकीय शाला जामुनिया टोला मतदान केंद्र क्रमांक 22,23, ग्राम पंचायत देवरी मझगवाँ केंद्र क्रमांक 67,68 ,ग्राम पंचायत जिंजौड़ी मतदान केंद्र क्रमांक 45,46, ग्राम पंचायत देवरा कला 42.43 एवं 44,हरदुआ कला मतदान केंद्र क्रमांक 16, 17 ग्राम पंचायत कन्हवारा 149 से 158 ,ग्राम पंचायत चाका 180 से 184 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। श्री खरे द्वारा विजराघवगढ़ एवं कैमौर नगर परिषदों के मतदान केन्द्रों का विजराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता एवं तहसीलदार के साथ निरीक्षण कर निर्देश प्रदान किए गए। श्री खरे द्वारा मतदान केंद्रों के निरीक्षण के उपरांत नगर निगम कार्यालय में शहरी क्षेत्र की मतदाता सूची हेतु नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

## चोरी की ई रिक्शा एवं बैटरी किया बरामद, चोरों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा



बड़वारा पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी की दो ई रिक्शा एवं बैटरियां बरामद किया है। कार्यवाही के उपरांत आरोपितों को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी उनि केके पटेल के नेतृत्त्व में चोरी का खुलाशा किया।

पुलिस के अनुसार 17.10.2025 को रामजी यादव निवासी बछौली ने रिपोर्ट लेख कराया कि मेरे पास ई रिक्शा जिसका नम्बर MP-21-ZB-3026 जिसे में अपने दोस्त धनुषधारी साहू निवासी ग्राम भनपुरा थाना बड़वारा को चलाने के लिये नवरात्रि में दिया था जो दिनांक 17/10/25 को सुबह 08/00 बजे करीबन घर आकर बताया कि ई रिक्शा किसी ने चोरी कर लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बड़वारा में अपराध क्र. 499/25 धारा 303 (2) बीएनएस कायम किया गया। दिनांक 17.10.2025 को अभिषेक गोस्वामी निवासी ग्राम बिजौरी का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि 16/10/2025 को रात्रि 08/00 बजे मामाजी अस्थि बिसर्जन करने प्रयागराज चले गए थे। मेरी नई ऑटो ई रिक्शा बिना नंबर की घर के बगल में मंदिर के सामने खड़ी कर गए थे। 17/10/25 को शाम करीब 04/00 बजे मेरा छोटा भाई सौरभ गोस्वामी ने मोबाइल फोन करके बताया कि कोई अज्ञात चोर खड़ी ऑटो की बैट्री निकाल कर चोरी कर लिया है। ऑटो में चार बैटरी लगी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303 (2) बीएनएस कायम किया गया।

पुलिस अधीक्षक के आदेश के परिपालन में थाना प्रभारी बड़वारा उनि केके पटेल द्वारा एक विशेष टीम की गठन किया गया जो टीम द्वारा चोरी गयी ऑटो ई-रिक्सा की बैटरियों एवं ऑटो ई-रिक्शा की तकनीकी साक्ष्य के आधार पर चोरी गई ऑटो ई-रिक्सा की चार बेटरियां कीमती 80,000/- रुपये एवं ऑटो ई-रिक्शा कीमती 1,80,000/- रुपये बरामद किया गया एवं चोरी में उपयोग हुई ऑटो ई-रिक्शा जप्त किया।

### इनको किया गया गिरफ्तार

मासूम बर्मन पिता कमलेश बर्मन 19 साल निवासी बरगवां चांदी की दफाई थाना रंगनाथ नगर, 02. मोहित बंशकार पिता सुरेश बंशकार 21 वर्ष निवासी बंगला लाईना थाना माधवनगर, 03. प्रदीप सिंह पिता मदन सिंह 18 वर्ष निवासी मंगल नगर छपरवाह थाना रंगनाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश गया।

## योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश




जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में जनपद पंचायत रीठी के सभागार में ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों को योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। श्री सिंह ने श्रमिक नियोजनमें वृद्धि, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना की पूर्णता, समग्र ई केवाईसी, मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम के साथ अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की एवं प्रगति लाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पहाड़ी में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रदीप सिंह ने औचक निरीक्षण कर चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया। तय समय सीमा में कार्यों को पूर्ण कराने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय सुरेंद्र चौधरी की मृत्यु के उपरांत उनकी धर्मपत्नी को अंत्येष्टि सहायता राशि मौके पर ही प्रदान की। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक जग्गी पटेल एवं ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## महाविद्यालय बड़वारा में बेविनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग, जंतु विज्ञान विभाग तथा भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा रोजगार परक शिक्षा के विविध आयाम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार की शुरुआत वेबीनार के संयोजक डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय बड़वारा ने उपस्थित अतिथियों, विषय विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ की। वेबीनार की मुख्य अतिथि डॉ. चित्रा प्रभात, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी ने वेबीनार हेतु शुभकामनाएं दीं साथ ही रोजगार परक शिक्षा के विषय में भी आवश्यक जानकारियाँ साझा कीं । डॉ. सुधीर कुमार खरे, प्राध्यापक, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय कटनी ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में रोजगार की अवधारणा के बारे में चर्चा की । महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल साहू ने भी कार्यक्रम में वर्चुअल उपस्थित होकर वेबीनार की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। वेबीनार के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.के.सिंह ने भी अतिथियों का स्वागत किया एवं शिक्षा में रोजगार के आयाम से संबंधित विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वेबीनार के मुख्य वक्ता के रूप में पहले सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, (उ.प्र.) से हमारे साथ जुड़े हुए थे। उन्होंने शिक्षा में रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वरोजगार के बारे में विस्तृत चर्चा की । दूसरे सत्र की प्रमुख वक्ता डॉ. चंद्रवती निराला, सहा. प्राध्यापक, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) से हमारे बीच शामिल हुईं। उन्होंने भी रोजगार परक शिक्षा के विविध आयामों के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया। निराला जी ने बताया कि किन किन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं । इन सभी जानकारियों से वेबीनार में जुड़े समस्त प्रतिभागी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम के लिए देश के विभिन्न राज्यों के 393 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही उक्त वेबीनार अंतर्गत प्रकाशित होने वाली स्मारिका में शोध पत्र भी प्रकाशित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन वेबीनार के संयोजक डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, क्रीड़ा अधिकारी ने किया।

## बल की कमी से जूझ रहा थाना, 15 पुलिस कर्मियों के भरोसे है 64 गांवों की सुरक्षा

**स्वीकृत पदों की नहीं हो रही पूर्ति, महिला अधिकारी भी नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ थाना बल की कमी से जूझ रहा है। एक तरफ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना प्रभारियों को लगातार अपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाने और सतत गश्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तो वहीं कुछ थाने ऐसे हैं जहां पर्याप्त स्टॉफ न होने की वजह से कानून व्यवस्था पूरी तरह डांवाडोल है।

विजयराघवगढ़ थाने की बात करें तो यहां लंबे समय से स्टॉफ की कमी है। क्षेत्र में चोरी सहित अन्य अपराधिक घटनाएं होने पर कार्यवाही करने में स्टॉफ को खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

विजयराघवगढ़ थाना में 36 पद स्वीकृत हैं जिनमें से थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा के अलावा कुल 15 का स्टाफ ही तैनात है। उपनिरीक्षक के स्वीकृत पद 3 हैं जिनमें से 2 की तैनाती, सहायक उपनिरीक्षक के स्वीकृत पद 7 हैं जिनमें से 3 की तैनाती, प्रधान आरक्षक के 9 स्वीकृत पदों में कुल 2 की तैनाती, आरक्षक के 17 स्वीकृत पदों में से कुल 8 की तैनाती है। ऐसे में क्षेत्र की कानून और सुरक्षा व्यवस्था किस हद तक बेहतर बन सकेगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है

थाना क्षेत्र 40 किलोमीटर की दूरी तक है। इस थाने के जिम्मे 64 गांवों की सुरक्षा है लेकिन बल की कमी पूरी व्यवस्था और पूरे दिशा निर्देशों पर पानी फेरने का ही काम कर रही है। किसी बड़े घटना क्रम या पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मी महज रस्म अदायगी ही साबित हो कर रह जाते हैं।

वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने या किसी अन्य अपराधिक इवेंट की सूचना मिलने कर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सके इसके लिए थाने को दो डॉयल 112 दिए गए हैं जो महज मजाक ही साबित हो रहे हैं। पुलिस कर्मियों के अभाव के कारण एफआरव्ही की सुविधा भी ढकोसला नजर आ रही है तो वहीं ग्रामीण भी इस व्यवस्था को देखकर खुद को ठगा सा महसूस करते हैं।

सबसे बड़ी समस्या जो सामने आई है वह यह है कि थाने में एक भी महिला अधिकारी नहीं है जबकि महिला डेस्क की स्थापना थाने में है। महिला संबंधी अपराध घटित होने पर पीड़ित पक्ष को उस समय और पीड़ित होना पड़ता है जब महिला अधिकारी की तैनाती संबंधित थाने में न होने के कारण कटनी महिला थाने की राह पकड़ना पड़ता है। अनुविभाग में विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही ये तीन थाने हैं लेकिन किसी भी थाने में महिला अधिकारी नहीं है। नियमानुसार महिला, बालिकाओं से सम्बन्धित अपराधों में एफआईआर, बयान आदि महिला अधिकारी ही ले सकती है लेकिन यहां एक भी महिला अधिकारी की तैनाती नहीं है। गाहे बगाहे विजयराघवगढ़ थाने में एक सहायक उपनिरीक्षक महिला पदस्थ थीं जिनका कुछ दिन पूर्व ही मैहर स्थानांतरण हो चुका है। अब उनके स्थान पर किसी महिला अधिकारी को तैनात नहीं किया गया जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े होना लाजिमी ही है।

## सायना स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव, हुए रंगारंग कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी





सायना इंटरनेशनल स्कूल का 18 वां वार्षिकोत्सव श्री राम प्रताप महरोत्रा डायरेक्टर इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, दिल्ली के मुख्य आतिथ्य एवं चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक के विशिष्ट आतिथ्य व प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की भव्यता विधायक संजय पाठक के आगमन से और बढ़ गई।

इस उत्सव में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सायना ग्रुप के वाइस चेयरमेन मि. यश पाठक, श्रीमती अनुकृति पाठक एवं अतिशा पाठक की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के स्वागतोपरांत सायना की चेयरपर्सन डॉ.श्रीमती निधि पाठक ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि सायना की प्रगति का आधार बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावक हैं और सायना प्रबंधन बच्चों के चतुर्दिक विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। हम देश सेवा के मार्ग को सर्वोपरि मानते हुए सायना सैनिक स्कूल के माध्यम से कैडिटों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।सायना के प्राचार्य डॉ0 आदित्य कुमार शर्मा ने वार्षिक स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शालेय गतिविधियों से सभी को परिचित कराया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा कि कठिन परिश्रम एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से ही मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। कार्यक्रम में साल भर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपने सदन को आगे रखने के लिए विभिन्न हाउसों को ट्राफियाँ प्रदान की गई। गत सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य काने वाले भूतपूर्व विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

तदोपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें प्री प्राइमरी से लेकर सभी वर्गो के लगभग 450 छात्र छात्राओं ने समा बाँध दिया। जिसमें नृत्य, गीत, वेस्टन डांस, हिन्दी नाटक आदि का प्रदर्शन किया गया। ब्रह्मा दरबार, राधाकृष्ण का नृत्य, शहरी व ग्रामीण जनों की नोंकझोंक, स्वरांश झारिया का साथियों सहित 'पधारों म्हारे देष' गीत, राजस्थानी डांस, वृद्धों की उपेक्षा पर आधारित नाटक, महाभारत में कौरव-पांडवों का संवाद, 'आरंभ है प्रचंड' गान पर नृत्य, उज्जैन में महाकाल की स्थापना पर आधारित नाटिका व नृत्य, काली के रौद्ररूप द्वारा रक्तबीज का नाश व अंत में भजन की प्रस्तुति ने दर्शकों को बाँधे रखा। कृष्ण बने राजदीप व राधा बनी षशिवांषी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। वही शिव बने प्रभात सिंह, काली बनी अंजली शर्मा व ब्रह्मा बने आदित्य राज ने अपने अभिनय से पौराणिक पात्रों को जीवंत कर दिया। दुर्योधन बने आदित्य गुप्ता व भीम बने प्रिंस सिंह ने दर्शकों के भीतर ओज का संचार कर दिया।

## तिलक वार्ड में 38 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नागरिकों की आवश्यकताओं एवं मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रत्येक वार्डो में सड़क, नाली, पेवर ब्लाक सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यो का सिलसिला जारी है। ये सभी कार्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेंगे तथा शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। उक्त उद्गार महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 38 लाख 26 हजार रुपये से होनें वाले विकास कार्यो के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये।

महापौर सूरी ने कहा कि नगर के चहुंमुखी विकास हेतु किसी भी प्रकार से कमी नहीं छोड़ी जाएगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं देने के लिए निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे है। आगामी दिनों में नगर के अन्य वार्डों में सड़कें, नाली, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान उन्होनें विकास कार्यों को तय गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर नगर निगम को तत्काल सूचित कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा भी की है।

महापौर श्रीमती सूरी नें वार्ड के समुचित विकास हेतु गली नंबर 7 में 27.10 लाख की लागत से सी.सी रोड़ निर्माण, इंदिरा नगर के मुक्तिधाम में 4.38 लाख की लागत से रेम्प निर्माण कार्य सहित गली नंबर 7 में 6.78 लाख की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

## खबर संक्षेप

### 5 नवम्बर को देव दीपावली पर होगा दीपोत्सव का आयोजन

**पन्ना।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा श्री रामचंद्र वन गमन के चिन्हांकित स्थलों वाले पन्ना सहित 9 जिलों सतना, मैहर, कटनी, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया एवं अनूपपुर में पवित्र नदी एवं सरोवरों के घाटों पर दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर देव दीपावली 5 नवम्बर को स्थानीय धरम सागर तालाब घाट पर बड़ी संख्या में दीपदान सहित श्री रामचंद्र की रंगोली निर्माण और स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बटुकों द्वारा आरती और भगवान श्री रामचंद्र केन्द्रित भजन संध्या का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ऊषा परमार ने दीपोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अशोक चतुर्वेदी को समारोह स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं तथा कार्यक्रम संचालन में सहयोग एवं मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### खाद्य प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खाद्य एवं उद्यानिकी प्रसंस्करण विभाग द्वारा भारत सरकार एवं प्रदेश शासन की अतिमहत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लाभ के लिए आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षित बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा बैंक से प्रदाय ऋण में स्वीकृत परियोजना लागत राशि का 35 प्रतिशत अनुदान अथवा अधिकतम 10 लाख रूपए जो भी कम हो, स्वीकृत किया जाएगा। आवेदनकर्ता द्वारा कृषि अवसंरचना निधि के माध्यम से आवेदन जोड़ने पर अतिरिक्त 3 प्रतिशत ब्याज की छूट भी 7 वर्ष तक मिल सकेगी। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वरोजगार के इच्छुक उद्यमी इस अभिनव योजना का लाभ प्राप्त कर दाल, आटा एवं राइस मिल सहित अचार, पापड़, मुरब्बा, बरी, जैम जेली, कैचप, सिरका, ऑयल मिल, बेकरी प्रोडक्ट, कुरकुरे, चिप्स इत्यादि किसी भी प्रकार की इकाई स्थापित कर सकते हैं। योजना की अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय अथवा विकासखंड स्थित उद्यानिकी रोपड़ी में संपर्क किया जा सकता है। उद्यमी को बैंक ऋण में सहयोग के लिए ब्लॉक स्तर पर रिसोर्स पर्सन भी नियुक्त किए गए हैं।

### 23 अक्टूबर को रहेगा स्थानीय अवकाश

**पन्ना।** जिला कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 के लिए पूर्व में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। इस क्रम में आगामी 23 अक्टूबर को दीपावली के भाईदूज पर्व पर संपूर्ण पन्ना जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 27 को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार, 27 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई है।

# धनतेरस पर बाजार में रही रौनक, उत्सव को खास बनाने लोगों ने खूब की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





दिवाली के पूर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला धनतेरस का त्योहार शनिवार को मनाया गया। यह पर्व दीपावली महोत्सव का पहला दिन होता है और इसी दिन से दीपों के त्योहार की शुरुआत होती है। धनतेरस से एक दिन हटा नगर के बाजार में दिनभर रौनक रही, ग्राहकों की आवाजाही से बाजार गुलजार रहा। सड़कों पर वाहनों शोर-शराबे के बीच हर वर्ग के लोग दीपों के महापर्व को खास बनाने के लिए पहुंचे। हाथों में थैलियां लिए आगे बढ़ते लोगों की आंखों में चमक देखने को मिली। छोटी-बड़ी दुकानों को रंगबिरंगी झालर, लाइट्स, फूलमालाओं सजाए ग्राहकों के स्वागत में दुकान संचालक भी अपने सहयोगी कर्मियों के साथ सक्रिय नजर आए। लोगों की पसंद का जरूरी सामान देने का प्रयास किया।

बाजार में कारीगरों द्वारा निर्मित किए गए मिट्टी के दीयों और हस्त निर्मित सजावटी सामानों की दिनभर डिमांड रही। पर्यावरण के प्रति बढ़ती सजगता के चलते मिट्टी और पर्यावरण-अनुकूलित उत्पादों को भी लोग प्राथमिकता देने लगे हैं। बाजार में दुकानदारों की खुशी देखने लायक थी। लगातार व्यस्तता के बाद भी उनके चेहरे पर थकान का नामोनिशान नहीं था। दिनभर सभी दुकानदार मुस्कुराते हुए ग्राहकों का स्वागत करने में तल्लीन नजर आए। शुभ दीपावली लिखे सजावटी सामान सजे हुए हैं। लोगों द्वारा अपने घरों की साज-सज्जा के लिए जमकर खरीदारी की गई। धनतेरस के मौके पर कपड़ा बाजार में भी रौनक लौट आई। त्योहारों के लिए नए कपड़े खरीदने के लिए लोगों की दुकानों पर काफी भीड़ नजर आई, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं नगर के बड़ा बाजार में सजे बर्तन बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। इसके अलावा बाजार में इस समय सबसे ज्यादा धूम सजावटी सामान और रंग-बिरंगी लाइट्स की है। दुकानों में तरह-तरह की कंदीलें, झालरें, रंगोली के सामान की खरीदारी दुकानों में ज्यादा देखने को मिली। दीए, मोमबत्ती, तोरण, रंगोली पाउडर, पूजा सामग्री और उपहार पैकिंग आइटम की जमकर लोगों ने खरीदी की।

इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान और उपहार सामग्री बेचने वाले शॉप में भी ग्राहकों की भीड़ रही। दरअसल धनतेरस का पर्व दीपावली महोत्सव का पहला दिन होता है और इसी दिन से दीपों के त्योहार की शुरुआत होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरी अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे। उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था, इसलिए इस तिथि को धन त्रयोदशी या धनतेरस कहा जाता है।

भगवान धनवंतरी के प्रकट होने की स्मृति में इस दिन चांदी के बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों के अनुसार धनतेरस पर खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख-समृद्धि और वैभव लाती हैं। इस दिन की गई खरीदारी से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

# पत्रकार की फेसबुक पोस्ट पर टिप्पणी करना भारी पड़ा

## थाना रनेह में शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

फेसबुक पर पत्रकार की पोस्ट पर की गई अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी का मामला सामने आया है। ग्राम रनेह निवासी सुनील तिवारी ने थाना रनेह में आवेदन देकर भरत ठाकुर नामक व्यक्ति के विरुद्ध विधिसंगत कार्यवाही की मांग की है। श्री तिवारी ने अपने आवेदन में बताया कि 17 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 10 बजे उक्त व्यक्ति ने उनकी फेसबुक पोस्ट पर अत्यंत आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की। इस टिप्पणी से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान को ठेस पहुँची है, साथ ही उन्हें मानसिक रूप से अत्यधिक कष्ट हुआ है। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी सार्वजनिक रूप से प्रसारित की गई, जिससे साख को नुकसान पहुँचा है। तिवारी ने इस संबंध में टिप्पणी का स्क्रीनशॉट, आरोपी की प्रोफाइल लिंक और संबंधित पोस्ट की प्रति पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपी है। श्री तिवारी ने अपने आवेदन में कहा, यह केवल व्यक्तिगत अपमान का मामला नहीं है, बल्कि सोशल मीडिया की मर्यादा और पत्रकारिता की गरिमा से जुड़ा विषय है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ किसी की गरिमा का हनन नहीं होना चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारी से आरोपी के विरुद्ध जाँच कर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर अभद्रता करने से पहले सोचने को मजबूर हो। घटना की निंदा करते हुए स्थानीय पत्रकारों और समाजसेवियों ने कहा कि पत्रकारों के प्रति इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियाँ न केवल असंवेदनशीलता का उदाहरण हैं, बल्कि यह समाज में गलत संदेश देती हैं। वही रनेह थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की प्राथमिक जांच प्रारंभ कर दी है।

# तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के संभागीय महामंत्री बने अमित साहू

**सिंग्रामपुर।** समाज सेवा में सक्रिय सिंग्रामपुर निवासी अमित (गोलू) साहू पिता श्री रामनारायण साहू को मध्य प्रदेश तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के सागर संभाग का संभागीय महामंत्री नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. शाहबाल, महासचिव अखिलेश साहू, संरक्षक बी.एल. साहू (से.नि. एसडीओ) की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू, महामंत्री कमलेश नायक एवं संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू के नेतृत्व में यह नियुक्ति की गई। अमित साहू की नियुक्ति पर ग्रामवासियों, समाज के वरिष्ठजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाज के लोगों ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त व संगठित होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी लखनलाल साहू ने भी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अमित साहू जैसे ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ता संगठन के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। ग्राम सिंग्रामपुर में इस नियुक्ति की खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल बना और लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली पर्व मनाया, बढ़ाया मनोबल



**दमोह।** दीपावली पर्व के उपलक्ष पर राष्ट्रीय न्यास (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय) भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा पंजीकृत संस्था निःशक्त व्यक्ति (एमआर सी पी ऑटिज्म बहुविकलांग) अभिभावक संघ जबलपुर द्वारा संचालित प्रेरण विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र दमोह, (मध्य प्रदेश) में प्रवीण फुलपगारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला दमोह, के द्वारा संस्था के दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली पर्व मनाया गया। साथ में दिव्यांगों के द्वारा रंग-बिरंगे दिये। एवं सजावटी सामानों को देखकर बहुत प्रसन्न हुए एवं प्रशंसा की गई। दिव्यांगों के द्वारा तैयार की गई सामग्रियों को खरीद कर दिव्यांगों के मनोबल को बढ़ाते हुए आशीर्वचन प्रदान किया गया। साथ-साथ संस्था संस्था के प्रमुख, विशेषज्ञ एवं कर्मचारी के मेहनत और दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासो को देखकर प्रसन्नता के साथ सराहना की गई। एवं संस्था और संस्था में पंजीकृत दिव्यांगों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया गया। इस अवसर पर अभय कुमार दुबे संस्था अध्यक्ष एवं श्रीमती बनीता दुबे संस्था निदेशक द्वारा उपस्थित नरेंद्र प्रताप सिंह प्राचार्य/विशेष शिक्षक, बलराम शर्मा ऑफिस सहायक, मानसी रैकवार व आकांक्षा रैकवार सहायक शिक्षिका, चंदा विश्वकर्मा सहायक फिजियोथैरेपिस्ट, अभिषेक दुवे सहायक व्यावसायिक ट्रेनर एवं उपा नामदेव केवर गिवर इत्यादि सभी विशेषज्ञ एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं एवं मिष्ठान के साथ बोनस प्रदान किया गया। साथ में उपस्थित सभी दिव्यांगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान और पटाखे वितरण किया गया।

# लखपति कैंपेन के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**दमोह।** जिले में छूटी हुई संभावित लखपति दीदियों को लक्षित समय-सीमा में लखपति की श्रेणी में शामिल करने के उद्देश्य से कार्ययोजना एवं रणनीति पर चर्चा जिला इकाई द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त स्टाफ एवं समस्त विकासखंड स्टाफ मौजूद थे। बैठक में 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2025 तक चलने वाले लखपति कैंपेन की सफल बनाने के लिए मुख्य फोकस उन समस्त संभावित लखपति दीदियों पर रहा, जो वर्तमान में लखपति की श्रेणी में आने से शेष रह गई हैं। छूटी हुई संभावित लखपति दीदियों को मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप लखपति की श्रेणी में शामिल करने के लिए विस्तृत कार्यनीति पर चर्चा की गई। बैठक में संभावित दीदियों को लखपति बनाने के लिए सामुदायिक निवेश निधि, सीसीएल एवं लाइन डिपार्टमेंटके साथ सक्रिय अभिसरण किया जाएगा। प्रत्येक संभावित दीदी को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार आजीविका की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा, जिनमें शामिल हैं फार्म गतिविधियाँ, नॉन-फॉर्म गतिविधियाँ, लाइवस्टॉक , कौशल आधारित योजनाएँ शामिल हैं। बैठक में कहा गया यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा कि इन योजनाओं के माध्यम से उनके परिवार की वार्षिक आय (लाभांश) एक लाख रुपये से अधिक हो सके। समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने और आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की गई। शेष पात्र समूहों को चक्रीय निधि सामुदायिक निवेश निधि, सीसीएल एवं मुद्रा ऋण प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएँगे। SHG (स्वयं सहायता समूह) और VO (ग्राम संगठन) के कट-ऑफ मापदंडों और ट्रांजेक्शन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया गया। प्रभावी कैडर प्रबंधन के लिए आवश्यक तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैडर मैनेजमेंट मॉड्यूल की उपयोगिता और प्रक्रिया को समझाया गया। मेरी पहचान कैडर की e-KYC पूर्ण करने और उन्हें उनके कार्य के अनुरूप सही रोल असाइन करने के बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला परियोजना प्रबंधक शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने समस्त जिला एवं विकासखंड स्टाफ को कैंपेन की सफलता के लिए समर्पित होकर कार्य करने और छूटी हुई दीदियों को लक्षित समय-सीमा के भीतर लखपति बनाने के लिए मिशन की रणनीति का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए गए।

## अश्वगंधा फसल पर कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा संपन्न,अश्वगंधा का बीज निःशुल्क वितरित किया

# औषधि फसल अश्वगंधा को आत्मा योजना अंतर्गत नवाचार फसल के रूप में लिया जाएगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आत्माव योजना के अंतर्गत अश्व गंधा औषधीय फसल को नवाचार के रूप में लिये जाने का निर्णय लिया गया है । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मंशानुरूप जिले के किसानों को अश्वगंधा की खेती जो कि किसानों के लिए आय का अतिरिक्त जरिया बने और उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो इस उद्देश्य से परिचर्चा आयोजित की गई। इस संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह में कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा संपन्न हुई। इस मौके पर 56 किसानों को अश्वगंधा का बीज निःशुल्क वितरित किया गया ।

परियोजना संचालक आत्मा जे. एल. प्रजापति ने बताया अश्वगंधा की खेती के प्रशिक्षण हेतु नीमच से विशेषज्ञ डॉक्टर शांति स्वरूप सारस्वत ने परिचर्चा के दौरान अश्वगंधा की खेती पर विस्तृत व्याख्यान दिया । मानव जीवन विकास समिति के संचालक निर्भय सिंह ने अश्वगंधा की खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। परिचर्चा में किसानों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। उन्होंने अश्वगंधा से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उप संचालक कृषि जी. एल. अहिरवार, परियोजना संचालक जे.एल. प्रजापति, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ मनोज अहिरवार, डॉ राजेश द्विवेदी, डॉ बी.एल.साहू, शांति स्वलरूप सारस्वत तकनीकी विशेषज्ञ जिला नीमच, मानव जीवन विकास समिति के विशेषज्ञ निर्भय सिंह एवं घनश्याम रैकवार, सहायक संचालक उद्यानिकी यश कुमार सिंह, जिला आयुष विभाग राजकुमार पटेल, प्रभारी वरिष्ठा कृषि विकास अधिकारी बटियागढ दिनेश पटैल एवं प्रभारी वरिष्ठं कृषि विकास अधिकारी जबेरा नरेंद्र ठाकुर, शैलेन्द्र पौराणिक बी.टी.एम एवं ए.टी.एम. की उपस्थिति रही।

# विभिन्न विषयों को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीकाकरण सर्विलेंस, विशेष टीकाकरण अभियान एवं अधिकारियों-कर्मचारियों एवं वाहन के लंबित भुगतान एवं सेवा पुस्तिका से जुडे. मद्दे पर एक जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सहित जिला स्तरीय कार्यक्रम अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक सहित मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एवं विभिन्न शाखाओं के लिपिक मौजूद रहे। जबकि बी.पी.एम. एवं बी.सी.एम. ऑनलाईन बैठक से जुडे.बैठक में कलेक्टर द्वारा कर्मचारियों के वेतन भुगतान, सेवा पुस्तिका का अद्यतन, आउटसोर्स कर्मियों के भुगतान की स्थिति, चिकित्सकों को मिलने वाला पोस्टमार्टम एवं नाईट ड्यूटी एलाउंस भुगतान एवं लंबित बिलों आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक सीबीएमओ से चर्चा की गई।

बैठक दौरान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि हटा एवं जबेरा सीबीएमओ की लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाये। आर.बी.एस.के. वाहन का लंबित भुगतान नियमानुसार दीपावली पूर्व किया जाये। सेवा पुस्तिका की समीक्षा कर इन्क्रीमेंट एवं प्रविष्टियां अद्यतन कराया जायें। आउटसोर्स कर्मियों के कार्य का मूल्यांकन कर अनुशासनहीनता पर आवश्यक कार्यवाही की जाये। पोस्टमार्टम डियूटी करने वाले चिकित्सकों को निर्धारित मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। एम्बुलेंस व्यवस्था की सघन मॉनिटरिंग की जाये तथा हर 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं और लंबित भुगतान के संबंध में सेडमेप के जिला समन्वयक एवं एजेंसी के विभिन्न पदाधिकारियों की समन्वित रूप से बैठक करें ताकि आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्या शीघ्र निराकृत हो सके।

कलेक्टर श्री कोचर ने बैठक दौरान स्पष्ट निर्देश दिये कि सीबीएमओ अपने ब्लॉक का प्रमुख प्रशासकीय अधिकारी है। खंड स्तर पर संचालित होने वाले सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं समय-समय पर होने वाले अभियानों का संचालन, पर्यवेक्षण एवं मानव संसाधन का नियोजन उनकी जिम्मेदारी होगी। ब्लॉक स्तर पर कार्य में शिथिलता पाये जाने पर सीबीएमओ उत्तरदायी होंगे। सी.बी.एम.ओ. खंड स्तर पर पदस्थ अमला जैसे बीपीएम, बीसीएम, बीईई, नर्सिंग ऑफीसर, एएनएम, सेक्टर सुपरवाईजर के मध्य स्पष्ट कार्य विभाजन कर संबंधित दायित्वों का निर्वहन कराना सुनिश्चित किया जायें। कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही अधिरोपित की जायें। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर आयोजित सत्र में हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन कराने की जिम्मेदारी पूर्णतः सीबीएमओ की होगी।

बैठक दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करें, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जा सके। बैठक दौरान डी.सी.एम. को निर्देश दिये कि निष्क्रिय आशा कार्यकता एवं सहयोगी को हटाने की कार्यवाही के संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किया जायें।

इसके पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त सीबीएमओ से कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर टेली कंसल्टेशन सेवा को प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एमओ प्रतिदिन 5 से 10 प्रकरणों में विशेषज्ञ टेली कंसल्टेशन प्राप्त कर हितग्राहियों को समुचित उपचार प्रदाय करना सुनिश्चित करें।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने सभी सीबीएमओ से चर्चा दौरान कहा कि हर गर्भवती महिला की सिकल सेल जांच किया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में सभी ब्लॉकों में रैपिड किट दी गई है। इसके माध्यम से लैब टैक्नीशियन गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच करेंगे। मैदानी स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण दौरान पायी जाने वाली कमी में त्वरित सुधार हेतु संबंधित कार्यक्रम अधिकारी को बताये, ताकि समय रहते समुचित सुधार किया जा सके। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने टीकाकरण सर्विलेंस रिपोर्ट एवं आगामी विशेष टीकाकरण अभियान के संबंध में सीबीएमओ से अभियान क्रियान्वयन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि रेफरल सिस्टम को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उनके द्वारा इस संबंध में जिला चिकित्सालय में बनाई गई व्यवस्थाओं के संबंध में बताया गया।

# प्राकृतिक खेती करने का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

ग्राम व ग्राम पंचायत सेहरी जनपद पंचायत तेदूखेडा जिला दमोह मध्य प्रदेश में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह जी के मार्ग दर्शन में नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक घनश्याम प्रसाद रायकवार ने बताया कि नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) एक ऐसी प्रणाली है जिसमें रासायनिक उर्वरकों ओर कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता है। बल्कि पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। यह विधि मिट्टी की उर्वरकता को बनाये रखने और बढाने के लिए देशी गाय के गोबर और गौ मूत्र से बने जैविक उत्पादों जैसे जीवामृत, बीजामृत, ओर नीम जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करती है इसकी सबसे लोकप्रिय विधि जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग है। नेचुरल फार्मिंग कैसे की जाती है।

बीजा मृत बुवाई से पहले बीजो को प्राकृतिक पदार्थों से उपचारित किया जाता है ताकि उन्हें रोगो से बचाया जा सके। बीजामृत यह देशी गाय के गोबर, गौमूत्र, गुड, बेशन, और मिट्टी के मिश्रण से बनाया जाता है इसे मिट्टी में मिलाकर या छिडकाव करके मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को बढ़ावा दिया जाता है और पौधों को पोषण मिलता है। घन जीवामृत यह जीवामृत का एक ठोस रूप है जिसे मिट्टी में मिलाया जाता है। नीमास्त्र नीम की पत्तियों ओर गो मूत्र से बनाया गया एक प्राकृतिक कीटनाशक है जिसका उपयोग कीटों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। अन्य प्राकृतिक कीट नाशक, अग्नियस्त्र ओर ब्रम्हास्त्र, जैसे अन्य प्राकृतिक कीटनाशकों का भी उपयोग किया जाता है।

मल्चिंग फसल के अवशेषों या अन्य कार्बनिक पदार्थों से मिट्टी को ढकना यह मिट्टी में नमी बनाऐ रखने ओर खरपतवार को नियंत्रित करने में मदद करता है। क्राप रोटेशन मिट्टी की उर्वरता बनाऐं रखने के लिए फसल चक्र अपनाना। पशुधन का एकीकरण पशुधन को खेती में एकीकृत किया जाता है क्योंकि उनके गोबर और मूत्र से प्राकृतिक इनपुट तैयार होतें है।

## खबर संक्षेप

### स्थाई कर्मचारी को एरियर नहीं मिलने नाराजगी

**दमोह।** दीपावली में जनजाति विभाग के स्थाई कर्मचारी को एरियर नहीं मिलने से नाराजगी है। मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को एरियर का भुगतान हो गया है, लेकिन जनजाति विभाग के कर्मचारियों को अभी तक भुगतान नहीं हुआ है, जो कि अन्याय है। वे जल्द ही कलेक्टर से मिलकर इस मामले को उठाएंगे और कर्मचारियों के हित में कार्रवाई की मांग करेंगे।

### भगवान महावीर मोक्ष कल्याणक महोत्सव 21 अक्टूबर को

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी जी का मोक्षकल्याणक महोत्सव 21 अक्टूबर 2025 को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, महावीर पूजन, विधान होगा । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक प्रभु चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। 20 अक्टूबर को मानस्तंभ परिसर में सायंकाल दीपोत्सव एवं बुंदेली जैन भजन गायक जितेंद्र जैन टड़ा के बुंदेली भजन गीतों की आकर्षक प्रस्तुति होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### छह सब-स्टेशनों पर कैपेसिटर बैंक स्थापित

**दमोह।** उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दमोह जिले के सभी छः सब स्टेशनों सहित प्रदेश मे कंपनी के 417 सब-स्टेशनों में से 412 पर विभिन्न क्षमताओं के कैपेसिटर बैंक कार्य कर रहें है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कैपेसिटर बैंकों की व्यवस्था से प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्ता और स्थिर वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति संभव हो रही है।

## पैरों में गंभीर फैक्चर होने से घायल हवलदार जबलपुर रैफर

# डंपर ने पुलिसकर्मी को रौंदा

### टक्कर मारकर भाग रहे डंपर का पुलिसकर्मी को बाइक से पीछा करना बना हादसे का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





भारी वाहनों की रफ्तार छोटे वाहन चालकों के लिए आए दिन मुसीबत का कहर बनकर टूट पड़ती है। जिसके शिकार पुलिस कर्मी भी लगातार बनते रहे हैं ताजा मामला एक बार फिर बाइक सवार पुलिसकर्मी को ट्रक द्वारा टक्कर मार कर रौंदने की कोशिश करने का सामने आया है। जिसमें घायल पुलिस गर्मी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती भर्ती कराए जाने के बाद शाम को जबलपुर रैफर कर दिया गया है। फिल्म स्टाईल में टक्कर मारकर भाग रहे डंफर का पुलिसकर्मी को बाइक से पीछा करना महंगा पड़ जाने के घटनाक्रम के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार देहात थाना अंतर्गत हटा रोड पर एक छोटा हाथी वाहन को टक्कर मारकर एक डंफर तेजी से इमलाई बाईपास तरफ भाग रहा था। जिसकी जानकारी लगने पर वहां से निकल रहे बाइक सवार प्रधान आरक्षक अखिलेश तिवारी ने डंफ़र का पीछा करके उसे रोकने की कोशिश की। इस दौरान इमलाई रेल लाइन ओर फाटक लगा होने से चालक को मजबूरी में ट्रक को रोकना पड़ा। लेकिन तब भी चालक ने कुटिलता दिखाते हुए बाइक सवार आरक्षक को टक्कर मारकर रौंदने की कोशिश की। हादसे के बाद मौके पर मौजूद भीड़ में ट्रक चालक की जमकर धुनकाई करके 112 डायल पुलिस को सूचना दे दी। बाद में घायल प्रधान आरक्षक को जिला अस्पताल लाया गया जहां पैरों में गंभीर चोट होने की वजह से उनको भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने डंफ़र क्रमांक एमपी 34 जेड डी 3346 को कब्जे में लेकर चालक अरविंद राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है बताया जा रहा है चालक नशे में था वही है डंपर मंगलम ट्रांसपोर्ट में अटैक होना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी लगने पर सीएसपी एच आर पांडे, देहात थाना टीआई रचना मिश्रा जिला अस्पताल पहुंची। जहां उन्होंने घायल पुलिसकर्मी से जानकारी ली। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# कनिया घाट पटी गांव के सेप्टिक टैंक में मिला 1 फीट लंबा मगरमच्छ का बच्चा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह रेंज की अभाना बीट के कनिया घाट पटी गांव में शनिवार की सुबह हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में पानी खाली करते समय कुछ देखा पहले तो लगा गोहा है लेकिन करीब से देखने पर पता चला यह करीब 1 फीट लंबा मगरमच्छ का बच्चा है। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी मौके पर अभाना बीट गार्ड अमित तिवारी और उनकी टीम पहुंची रिस्क उठाते हुए मगरमच्छ के बच्चे को पकड़कर दमोह वन मंडल कार्यालय ले जाया गया। कनिया घाट पटी ब्यारमा नदी के किनारे बसा है और नदी में मगरमच्छों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए अक्सर मगरमच्छ गांव के घरों और शौचालय गड्ढों में दिखाई देते हैं। कनिया घाट पटी निवासी राघवेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि उनके घर के शौचालय गड्ढे में मगरमच्छ का बच्चा आया। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि नदी और घर के पास किसी भी गड्ढे या पानी वाले स्थान पर सावधानी बरतें।

# किसी भी स्थिति में निर्धारित राशि जमा किए बिना सत्यप्रतिलिपि जारी न की जाए: कलेक्टर

### आवेदनों का निराकरण ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के अनुसार 2 चरणों में किया जाएगा

**दमोह।** लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से राजस्व विभाग की प्रदाय की जाने वाली सेवाओं राजस्व न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों में पारित आदेश/अंतरिम आदेश या अन्य दस्तावेज की सत्यप्रतिलिपि पक्षकार को प्रदाय करना एवं जिला स्तरीय/तहसील स्तरीय राजस्व अभिलेख प्रकोष्ठ में जमा भू-अभिलेखों/ राजस्व प्रकरणों/ नक्शों एवं अन्य अभिलेखों की सत्य प्रतिलिपि (नकल) प्रदाय करना लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत अधिसूचित हैं। उक्त सेवाओं के आवेदनों के निराकरणकर्ता पदाभिहित अधिकारी, प्रभारी अधिकारी प्रतिलिपि शाखा कलेक्ट्रेट / तहसीलदार / अपर तहसीलदार / नायब तहसीलदार निर्धारित किए गए हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रभारी अधिकारी प्रतिलिपि शाखा कलेक्ट्रेट, सभी तहसीलदार / अपर तहसीलदार / नायब तहसीलदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि लोक सेवा केन्द्रों से नकल/प्रतिलिपि संबंधी प्राप्तहोशने वाले आवेदनों के निराकरण उपरोक्तानुसार चरण 1 एवं 2 के अनुसार ही निराकृत किया जाए। उन्होंने कहा किसी भी स्थिति में गणना अनुसार परिकलित राशि जमा किये बगैर लोक सेवा केन्द्रों / आवेदकों को सत्यप्रतिलिपि / दस्तावेज जारी / प्रदाय न किये जायें। साथ ही प्रत्येक माह कुल जारी की गई सत्यप्रतिलिपियों की परिकलित पृष्ठों की संख्या अनुसार निर्धारित राशि का संबंधित लोक सेवा केन्द्रों द्वारा पोर्टल पर जमा कराई गई राशि से मिलान कराया जाये। इस सबंध में लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल ने बताया राजस्व विभाग अंतर्गत नकल के आवेदनों के निराकरण MPeDistrict पोर्टल के अनुसार 2 चरणों में निर्धारित हैं। चरण प्रथम में लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से दर्ज होने के पश्चात आवेदन संबंधित पदाभिहित अधिकारी के लॉगिन पर प्रदर्शित होने लगता है, जिसके निराकरण की समय सीमा 15 दिवस होती हैं। इसमें पदाभिहित अधिकारी द्वारा नकल में लगने वाले पृष्ठों की गणना पोर्टल पर दर्ज की जाती है। पृष्ठों की गणना अनुसार पोर्टल द्वारा राशि की गणना की जाती है और आवेदक को निर्धारित राशि लोक सेवा केन्द्र पर जमा करने लिए मैसेज के माध्यम से सूचित भी किया जाता है। इस प्रकार प्रथम चरण में गणना उपरांत आवेदन पुनः लोक सेवा केन्द्र के स्तर पर आवेदक से राशि जमा कराने हेतु प्रदर्शित होने लगता है। इसके उपरांत आवेदक लोक सेवा केन्द्र पर उपस्थित होकर निर्धारित राशि (प्रतिलिपि शुल्क एवं मुद्रांक शुल्क) जमा करेगा और रसीद प्राप्त करेगा।

उन्होंने बताया दूसरे चरण में आवेदक द्वारा राशि जमा करने के उपरांत आवेदन पुनः संबंधित पदाभिहित अधिकारी के लॉगिन पर प्रदर्शित होने लगता है, जिसके निराकरण की समय सीमा 15 दिवस होती है। इसमें पदाभिहित अधिकारी द्वारा पूर्व में की गई गणना अनुसार पृष्ठों की नकल तैयार कराई जाती है और तैयार नकल संबंधित लोक सेवा केन्द्र को हार्ड कॉपी में प्रेषित की जाती है। संबंधित कार्यालय से प्राप्त नकल पर लोक सेवा केन्द्र द्वारा निर्धारित मुद्रांक शुल्क के बराबर की राशि की टिकट चस्पा की जाती है और आवेदक के उपस्थित होने पर उन्हें वांछित नकल प्रदाय की जाती है।

# ट्रक एवं बोलेरो कार में जोरदार भिड़ंत, दो घायल युवक रेफर



**जबेरा।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के जबेरा बाईपास मोड़ पर शनिवार को एक बोलेरो कार एवं ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो जाने का मामला सामने आया है। जिसमें कार में सवार दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने पर राहगीर भरत पटेल की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा बाईपास की मोड पर ट्रक और बोलेरो कर में जोरदार भिड़ंत हो जाने की आवाज सुन वहीं पास में मौजूद राहगीर भरत पटेल ने जैसे ही घटना देखी तुरंत पहुंचकर गंभीर रूप से घायल बोलेरो में सवार दोनों युवकों को निकालते हुए 112 को सूचना दी और 112 की मदद से दोनों गंभीर रूप से घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया। जहां पर पदस्थ डॉक्टर रोहित गर्ग के द्वारा दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही मौके पर थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, प्रशांत दुबे,विवेक कटारे,मौके पर पहुंचे और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वही थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि शासन द्वारा राजगीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वालों को 25000 रुपए की राशि देकर पुरस्कृत किया जाता है। हमारे थाने के भरत पटेल द्वारा आज बोलेरो ब ट्रक की भिड़ंत में दोनों घायलों को तत्काल ही अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने का कार्य किया है जिसका नाम शासन स्तर पर पहुंचाया जा रहा है ताकि इस योजना का उसे लाभ मिल सके।

# रैन बसेरा का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण दौरान रैन बसेरा का जायजा लिया। उन्होंने बताया नगरपालिका ने उसको व्यवस्थित बनाया है, पहले वहाँ पर थोड़ा क्षतिग्रस्त था वहां पानी और शौचालय की व्यवस्थाएं भी ठीक नहीं थी, लेकिन नगरपालिका दमोह ने उसको एकदम सुव्यवस्थित करके रंग-रोगन करके बिल्कुल तैयार कर दिया। वहां पर आज लोगों ने देखा कि वहां पर पलंग व्यवस्थित है, लेकिन 11 पलंग उनको और एक्स्ट्रा चाहिए तो उनको जन सहयोग से 11 पलंग जल्दी दिलवा रहे हैं और गद्दे, तक्कियॉ भी हम जन सहयोग से दिलवाएंगे, ताकि जल्दी से जल्दी वहां पर यह व्यवस्था हो जाए । कलेक्टर श्री कोचर ने कहा वहां पर लगभग 20-25 पलंग है और पूरी व्यवस्था है। उन्होंने कहा जो लोग भी मरीज के परिजन आते हैं वह इस सुविधा का उपयोग करें, वहां पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए ठहरने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है और टॉयलेट्स वगैरह भी बहुत अच्छी कंडीशन में है। जो लोग इधर-उधर रहते हैं, उनके लिये यह पूरी तरह से निशुल्क है। कलेक्टर श्री कोचर ने आग्रह किया जिनके भी परिजन आईपीडी में भर्ती होते है, उन लोगों के लिए यह सुविधा का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा इसको और बेहतर से बेहतर बनाने का काम करेंगे इसके अलावा वहाँ पर दो डायलिसिस मशीनों की कमी दिखाई दी है, मर्चुरी में भी फ्रीजर की कमी है तो दो फ्रीजर डबल डेकर वहाँ पर मॅगवाने जा रहे हैं। प्रयास करेंगे यह दोनों चीजें जन सहयोग से मिल जाएं तो एक जगह पर 06 शव रखने के लिए पूरी व्यवस्था हो जाएगी।

# घंटाघर पर लगाया खाद्य पदार्थ गुणवत्ता जांच शिविर



दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर दमोह शहर में मिठाई दुकानों की जांच की गई। घंटाघर स्थित गुजरात स्वीट्स का निरीक्षण करके पिस्ता केक, कचौरा शॉपिंग सेंटर के सामने स्थित श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिल्क केक एवं घंटाघर के पास स्थित कैलाश भंडार से केसरिया पेड़ा के नमूने जांच हेतु लिए गए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मिठाईयों में मिलावट की जांच हेतु निःशुल्क खाद्य पदार्थ गुणवत्ता जांच शिविर का आयोजन घंटाघर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं द्वारा बाजार से विभिन्न मिठाई दुकानों से खरीदी मिठाईयों की ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच करवाई गई। उपरोक्त मिठाई गुणवत्ता जांच शिविर कल भी घंटाघर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा।

# कलचुरी संवर्गीय कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**दमोह।** मध्यप्रदेश कलचुरी कलार संवर्गीय प्रांतीय बैठक एवं कार्यकारिणी गठन शपथ समारोह राज्य कैबिनेट मंत्री श्री दिलीप जायसवाल भोपाल की प्रथम नागरिक श्रीमती मालती राय महापौर राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती आशा राय छिंदवाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमिला राय जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न। जिसमें दमोह से श्रीमती मीना शिवहरे प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती कल्पना रमेश राय जिला अध्यक्ष डॉ सोनल संजय राय उपाध्यक्ष श्रीमती किरण बड़े गुड्डू अनिल राय महामंत्री श्रीमती आराधना डॉक्टर गणेश राय सलैया इमलाई को मनोनीत किया गया। दमोह कलचुरी महिला समिति एवं कलचुरी बंधु द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# बढ़ती हुई महंगाई की मार, कैसे मनाएं त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

अमरबेल की तरह फैलती ही जा रही महंगाई की मार से अब आम आदमी परेशान हो चुका है, बढ़ती बेरोजगारी एवं दिन प्रतिदिन रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दाम से आम गरीब व्यक्ति हलाकान हो चला है। दीपावली त्यौहार के विषय पर जब हमारे संवाददाता ने लोगों का मन टटोला तो लोगों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि महंगाई इतनी अधिक बढ़ गई है कि अब त्योहार पर हम लोग अच्छा खाना भी नहीं खा पाते हैं। लोग कहते हैं कि दीपावली पर जो हम तेल के दीपक जलते हैं वर्तमान में वह तेल 150 रुपया प्रति किलो मिल रहा है। दाल 200 रू किलो चावल रू 50 शक्कर 50 किलो इस बढ़ती हुई महंगाई से हम अपनी गृहस्ती कैसे चलाएं समझ में नहीं आ रहा है। महिलाएं बताती है कि पहले हमारे गांव में धनतेरस के दिन सोना खरीदने की परंपरा थी और हम लोग हर धनतेरस पर थोड़ा बहुत सोना जरूर खरीदते थे लेकिन वर्तमान समय में सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। एक तोला सोना 128000 का आ रहा है हम मध्यवर्गीय परिवार सोना कैसे खरीद सकते हैं, जबकि 2014 के पहले यही सोना मात्र 28000 तोला मिलता था, घर गृहस्ती की अन्य वस्तुएं सस्ते दामों पर प्राप्त हो जाती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है, इसलिए हम लोग त्योहारों पर खरीददारी नहीं कर पाते हैं, कुछ घर परिवार तो ऐसे भी हैं जो महंगाई के कारण अपने बच्चों को अच्छा खाना तक नहीं खिला पाते हैं। कुछ बुजुर्ग बताते हैं कि देश के अंदर 2014 के बाद महंगाई 5 गुना अधिक बढ़ गई है नेता मंचों से तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। अमृत काल और सबका साथ सबके विकास की बात की जाती है, कभी-कभी तो भारत को विश्व गुरु बनाने की दुहाई दी जाती है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है बढ़ती हुई बेरोजगारी बेलगाम होती महंगाई से लोगों के घरों में खाने के लाले पड़े हुए हैं। आम व्यक्ति यही सोचते सोचते अपना जीवन गुजार देता है कि कभी हमारे भी अच्छे दिन आएंगे लेकिन ऐसा होता नहीं है। गरीब व्यक्ति के कभी अच्छे दिन नहीं आते बल्कि नेताओं की 5 वर्ष में 15 गुनी अधिक संपत्ति हो जाती है, गरीब आदमी फिर गुहार लगाते हैं फिर नए सपने देखते हैं लेकिन उनके सपने कभी साकार नहीं हो पाए अब तो भगवान ही भला करेगा आम गरीब व्यक्ति का और इस देश का।

# जैन धर्मार्थ औषधालय ने मनाई धन्वंतरि जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



श्री दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति द्वारा संचालित आयुर्वेदिक औषधालय जैन धर्मशाला के पास में भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर पूजन किया गया। डॉक्टर अनिल चौधरी ने सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया। डॉक्टर अनिल चौधरी ने कहा कि स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क से ही स्वस्थ परिवार, संगठित समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। समाजसेवी महेन्द्र जैन सोमखेड़ा ने कहा कि आयुर्वेद एक समग्र प्रासंगिक चिकित्सा पद्धति है जो प्रत्येक बीमारी को जड़ से समाप्त करने का काम करती हैं। अतिथियों का स्वागत जैन धर्मार्थ औषधालय के डॉ एम एम सेन ने किया और आभार ने व्यक्त किया। इस आयोजन में जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, श्री दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति दमोह अध्यक्ष मनोज जैन मीनू, पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ अनिल चौधरी, डॉक्टर चेतन जैन, डॉक्टर आई सी जैन,जैन पंचायत महामंत्री पदम चंद जैन, श्री दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति महामंत्री सोनू नेता,नेमचंद बजाज ,राजेश जैन ओशो, नवीन निराला,मनोज जैन बुंदेला, प्रचार मंत्री महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, मुकेश ठेकेदार,आशीष जैन ,रोहित जैन रिंकू,दीपक जैन,जयकुमार जैन पुरा ,अनिल जैन फोटो,डॉ एम एम सेन ने भगवान धन्वंतरि जयंती पर पूजन किया।